कार्यालय जिला पंचायत, लखनऊ।

पत्रांक 195 / नक्शा / नि0वि0 / जि0पं0 / 2018–2019 (मुहर: जिला पंचायत लखनऊ) दिनांक 13 ,फरवरी, 2019

मेसर्स रेस् बिल्डिकान प्रा0लि0 व अन्य
ग्राम गौरा
विकास खण्ड–मोहनलालगंज
तहसील– मोहनलालगंज
जनपद लखनऊ।

आपके प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न मानचित्र पर समयक विचारोपरान्त मा0 अध्यक्ष जी के आदेश दिनांक 11.02.2019 के परिपालन में मानचित्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

ग्रामसभा गौरा विकास खण्ड मोहनलालगंज तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के खसरा संख्या 1507 में प्लाटिंग कार्य हेतु प्रस्तुत मानचित्र के अनुसार 9355.98 वर्गमीटर में प्लाटिंग कार्य की स्वीकृति निम्न प्रतिबन्धों सहित दी जाती है।

1–प्रतिबन्ध रहेगा कि प्लाटिंग कार्य कुल प्लाटेड एरिया 9355.98 वर्गमीटर में ही कराया जाये।
2–प्रतिबन्ध रहेगा कि प्लाटिंग कार्य करते समय सड़क, विघुत, पेयजल, रेनवाटर हारवेस्टिं आदि की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा।
3–प्रतिबन्ध रहेगा कि प्लाटिंग कार्य किये जाने से पूर्व में रेरा में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा।

4--प्रतिबन्ध रहेगा कि दो वर्ष के अन्दर कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र कार्यालय जिला पंचायत, लखनऊ से प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

बिना किसी पूर्व सूचना के नक्शे / भवन में किसी भी प्रकार का परिवर्धन / परिवर्तन नहीं किया जायेगा। यदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन / परिवर्धन भवन / मानचित्र में प्रस्तावित है, तो जिला पंचायत लखनऊ से स्वीकार किये बिना परिवर्तन / परिवर्धन नही किया जायेगा। भू–स्वामित्व एवं किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में जिला पंचायत, लखनऊ उत्तरदायी नहीं होगी।
अनुमोदित मानचित्र किसी भी दशा में स्वामित्व का अभिलेख नहीं माना जायेगा।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, लखनऊ